तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु अर्जन देव का शहीदी …

12 गैमार तालाब तक पाइपलाइन विस्तार …








# जिले के 80 प्रतिशत खातों का डिजिटलीकरण पूर्ण

## भुइया पोर्टल से डिजिटल किसान किताब डाउनलोड करना आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

किसानों को भूमि संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल किसान किताब और डिजिटल ऋण पुस्तिका की शुरुआत जिले में की गई है। यह पारंपरिक कागजी किसान किताब के स्थान पर डिजिटली उपलब्ध हो रही हैं, जिससे किसानों को कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में अब तक जिले के 80 प्रतिशत खातों का डिजिटलीकरण कार्य पूर्ण हो गया हैं।



### कागजी अभिलेखों से मुक्ति की ओर कदम

जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 12 लाख खातधारको का डिजिटल किसान किताब बनाया जाएगा, जिसमें से 80 प्रतिशत खातों में डिजिटल किसान किताब बन गये हैं। डिजिटल किसान किताब पूर्णतः सुरक्षित हैं और ख़राब या नष्ट होने की कोई गुंजाईश नहीं हैं।किसान अपनी भूमि का पूरा विवरण भुइयां पोर्टल से कहीं से भी और कभी भी डाउनलोड कर सकते हैं। भुइयां पोर्टल पर जाकर खसरा विवरण पर क्लिक कर डिजिटल किसान किताब डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही राजस्व विभाग द्वारा समय-समय पर गांवों में शिविर आयोजित कर डिजिटल किसान किताब का वितरण भी किया जा रहा है। हाल ही में सुशासन तिहार के दौरान समाधान शिविरों में बड़ी संख्या में लिसानो को डिजिटल किसान किताब का वितरण किया गया।



## अब मोबाइल पर बैंक खाते की संपूर्ण जानकारी



**सिमगा।** भारतीय स्टेट बैंक सिमगा के शाखा प्रबंधक शेख मोहम्मद आदिल ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि ग्राहक की उंगलियों के इशारे पर बैंक की संपूर्ण जानकारी मोबाइल एप पर उपलब्ध है। आप अपने खाते की संपूर्ण जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। बैंक से जुड़े संपूर्ण लेन देन प्रतिदिन की जानकारी अब आपके मोबाइल एप में उपलब्ध है। भारतीय स्टेट बैंक ने व्हाट्सएप बैंकिंग, सेल्फ-केवाईसी और केसीसी जैसी डिजिटल सेवाओं को सरल बनाते हुए ग्राहकों के लिए घर बैठे ही बैंकिंग सुविधाएं सुलभ कर दी हैं। साथ ही सुरक्षा के लिए ओटीपी और पासवर्ड साझा न करने की सलाह दी है। यह पहल ग्राहकों को बैंक शाखा जाए बिना खाते का बैलेंस चेक करने और स्टेटमेंट प्राप्त करने की सुविधा देती है।

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन लहाराम साहू पिता कनकराम साहू, निवासी ग्राम कोयदा, तहसील लवन एवं कामिनी बाई मानिकपुरी पति चिंताराम मानिकपुरी, निवासी ग्राम परसापाली, तहसील लवन क़ी नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### झारखंड राज्यसभा चुनाव में भूपेश-विजय होंगे आमने-सामने



**रायपुर।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पर्यवेक्षक बनाया है। वहीं भाजपा डिप्टी सीएम विजय शर्मा को पर्यवेक्षक बनाकर भेज रही है। छत्तीसगढ़ के दोनों नेता अपने उम्मीदवार को जिताने आमने-सामने होंगे। डिप्टी सीएम विजय शर्मा कल झारखंड जाएंगे। बताया जाता है कि झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए गुरुवार को मतदान झारखंड विधानसभा परिसर में बने विशेष पोलिंग बूथ पर सुबह 9 से शाम 4 बजे तक चलेगा। झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। यहां पर जेएमएम और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। इन दो सीटों के लिए जेएमएम के बैद्यनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा मैदान पर हैं। वहीं विपक्षी दल बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवाणी उन्हें टक्कर दे रहे हैं।

### सरकार बताए शराब की ओवर रेटिंग की जांच कब होगी

**रायपुर।** भाजपा सरकार बताये शराब के ओवर रेटिंग की जांच कब होगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में शराब धड़ल्ले से ओवर रेट में बेची जा रही है। इस पूरे खेल को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। शराब की ओवर रेंटिग सरकार में बैठे हुये लोग करा रहे हैं। हर ब्रांड की शराब में 60 से 80 रपए तक प्रति बोतल वसूला जा रहा था। शराब के काउंटर पर बैठे लोग दावा कर रहे हैं कि शराब का पैसा ऊपर तक जा रहा था। यह मामला मीडिया में आया और जनता ने विरोध किया तब जाकर कुछ अधिकारियों को सस्पेंड करने की कार्रवाई की गयी। सरकार इस मामले की जांच की ईडी से कब करायेगी ।

## विश्वास, विकास, जनकल्याण कार्यक्रम के तहत 20 जून तक आयोजित किए जाएंगे शिविर

# राजस्व मंत्री ने वृहद पंजीकरण शिविर का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को नगर भवन में वृहद पंजीकरण शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में आए नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार हुआ। करोड़ों लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशवासियों की सभी समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से शासन प्रशासन का पूरा अमला पूरी तन्मयता से काम कर रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले वासियों से शिविर में पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर स्वजाना डोंगरे और उर्मिला डोंगरे को स्व निधि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया।सभी अनुविभागों में विभिन्न योजनाओं को लेकर लगभग 55 आवेदन प्राप्त हुए।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सुमन वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महले, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी -कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे।



### यहां हो रहा पंजीकरण शिविर का आयोजन

राजस्व अनुविभाग बलौदाबाजार में नगर भवन, सिमगा के सामुदायिक भवन, भाटापारा में नगर भवन, अनुविभाग कसडोल में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कसडोल के सभागार में, अनुविभाग पलारी में नगर भवन पलारी में ये शिविर लगाये गए हैं जहाँ आम नागरिक विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से राजस्व अनुविभाग स्तर पर दिनांक 18 जून 2026 से 20 जून 2026 तक तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना,प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन कर सुविधा लाभ प्रदान किया जाएगा।

## माहभर में गिधौरी में लगातार तीसरी चोरी

**गिधौरी।** यहां के बस स्टैंड के पास चोरों का आतंक है, जहां चोरों द्वारा फल दुकान व पान ठेला में चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहा है। एक माह के अंतराल में लगातार तीन बार चोर चोरी कर चला जा रहा है। गिधौरी पुलिस में सूचना देने के बाद भी कोई जांच पड़ताल नहीं की जा रही है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय है। लगातार चोर द्वारा घटना को अंजाम दिया जा रहा है और बुधवार रात रिंकू फल भंडार के गल्ले रखे चिल्हर पैसा तथा पटेल पान ठेला में चिल्हर पैसा एवं तेल का कार्टून एवं बजरंगी पान भंडार में समान एवं चिल्हर पैसा चोरी कर तथा बिक्की गुप्ता फल भंडार में भी डिजिटल तराजु एवं चिल्हर पैसा चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस पर सवाल उठने लगा है गिधौरी में चोरी की घटना को वारदात देने वाले शातिर चोरों ▶▶ शेष पेज 11 पर



## अर्जुनी सहकारी समिति में डीएपी की किल्लत, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

खरीफ फसल की शुरुआत के साथ ही किसानों को खाद की आवश्यकता सबसे अधिक होती है, लेकिन बलौदाबाजार विकासखण्ड के कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित अर्जुनी में डीएपी खाद की आपूर्ति नहीं होने से क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। समिति से जुड़े किसान खाद के अभाव में खेती-किसानी के कार्य प्रभावित होने की आशंका से चिंतित नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं मजबूरी में निजी दुकानों से ▶▶ शेष पेज 11 पर



### रेक पॉइंट में खाद नहीं है

डिमांड भेज दिया गया है। विपणन रेक पॉइंट में खाद नहीं होना बताया जा रहा है, जिससे ये समस्या हो रही है।

**-मुक्तानंद वर्मा,** प्रभारी समिति प्रबंधक, सहकारी समिति अर्जुनी

## टोनाटार में 100 लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

खबर का असर

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टोनाटार में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मीडिया की खबर का एक बड़ा असर देखने को मिला है। गांव में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और भारत माता वाहिनी स्वसहायता समूह की सतत निगरानी के बावजूद 4-5 जगहों पर धड़ल्ले से शराब की अवैध बिक्री हो रही थी, जिससे गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर 17 जून को हरिभूमि समाचार पत्र में शराब की बिक्री से गांव का माहौल हो रहा खराब शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। खबर छपते ही पुलिस प्रशासन तत्काल हरकत में आयी और 17 जून की ही रात गांव के शराब कोचिया के ठिकाने पर दबिश देकर उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टोनाटार निवासी संत कुमार चेलक अपने ▶▶ शेष पेज 11 पर



## पीपरभवना के मीडिल स्कूल भवन की हालत जर्जर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही स्कूलों में बच्चों की रौनक तो लौट आई है, लेकिन शासन-प्रशासन के दावों की पोल भी खुलने लगी है। सरकार भले ही शिक्षा विभाग पर करोड़ों रुपये खर्च कर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का दम भर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। इसका ताजा उदाहरण विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला पीपरभवना (ते.) में देखने को मिल रहा है, जहां मिडिल स्कूल का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

- छत से टपकता है बरसात का पानी, प्लास्टर भी गिर रहा, बच्चों के लिए है खतरा

पीपरभवना के इस मिडिल स्कूल की स्थिति इतनी बदतर है कि लेंटर से लगातार ▶▶ शेष पेज 11 पर



### मैने जानकारी भेज दी

स्कूल भवन की जर्जर स्थिति को लेकर मैंने अपनी ग्राउंड रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेज दी है। आगे की कार्रवाई उच्च स्तर से होनी है।

**-श्री नेताम,** बीआरसी, बिलाईगढ़

### रास्ता बेहद खराब

ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि मिडिल स्कूल मुख्य बस्ती से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। स्कूल तक पहुंचने का रास्ता बेहद खराब है, जो बरसात के दिनों में कीचड़ से पूरी तरह सराबोर हो जाता है। बच्चों और शिक्षकों को इसी दलदल से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस रास्ते पर तत्काल कांक्रीटीकरण (सीसी रोड) कराने और नए स्कूल भवन के निर्माण की स्वीकृति देने की माँग शासन-प्रशासन से की है।

## प्रशासनिक अनदेखी से बढ़ी आर्थिक परेशानी

# रोजगार सहायकों को 4 माह से नहीं मिला मानदेय उधारी और आर्थिक तंगी के बीच कट रही जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड क्षेत्र के रोजगार सहायकों को पिछले 4 महीनों से मानदेय नहीं मिला है। अल्प मानदेय और उस पर भी महीनों का बकाया होने के कारण ये कर्मचारी आज गहरे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। ग्राम रोजगार सहायकों का कहना है कि उन्हें वर्तमान में केवल 8,765 प्रतिमाह मानदेय मिलता है। आज की कमरतोड़ महंगाई के दौर में इतनी कम राशि में परिवार का भरण-पोषण करना, बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना और बुजुर्गों का इलाज कराना नामुमकिन सा हो गया है। हालात ये हैं कि मेहनत की कमाई के लिए भी इन्हें जनप्रतिनिधियों ▶▶ शेष पेज 11 परऔर

### योजनाओं की कमान संभाल रहे रोजगार सहायक

तालाब खुदाई, महात्मा गांधी नरेगा के तहत मजदूरों की उपस्थिति व मस्टर रोल की ऑनलाइन प्रविष्टि, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईडी मैपिंग, मिशन अंत्योदय, जलदूत ऐप, जनगणना, मनरेगा ई-केवाईसी, और बीएलओ ड्यूटी जैसे दर्जनों महत्वपूर्ण काम वे अपने खुद के मोबाइल से ऑनलाइन करते हैं।

### रोजगार सहायकों में आक्रोश

रोजगार सहायकों ने व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जनपद स्तर से बिना किसी पूर्व सूचना या जानकारी के सीधे ट्रांसफर आदेश निकाल दिए जाते हैं, जो कि पूरी तरह गलत है। इसके अलावा, उनके अल्प मानदेय से ईपीएफ की कटौती तो नियमित रूप से की जा रही है, लेकिन कई मामलों में यह राशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों में जमा ही नहीं हो रही है, जिससे उनके भविष्य पर भी संकट मंडरा रहा है।

### दूसरों के खातों में पहुंचाते हैं भुगतान

मजदूरों की हाजिरी से लेकर ऑनलाइन प्रविष्टि तक की पूरी जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन महीने के अंत तक हमारे खुद के बैंक खातों में सन्नाटा पसरा रहता है। बच्चों के सामने तो मुस्कुराना पड़ता है, लेकिन भीतर परिवार के भविष्य को लेकर गहरी चिंता पलती रहती है।

### उपेक्षा के शिकार रोजगार सहायक

रोजगार सहायकों ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि गाँव के विकास का सारा दारोमदार उन्हीं के कंधों पर होता है। सुबह से ही वे तालाब के कामों में और पंचायत कार्यालय के चक्कर काटने में लग जाते हैं।

### बच्चों की फीस बकाया

रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष अशवंत मनहरे ने बताया- चार महीने से मानदेय न मिलने के कारण बच्चों की स्कूल फीस बकाया हो गई है, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट है। बाजार में हमारी उधारी लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में देश में विकसित भारत की नई योजनाएं लागू होने को हैं। हम दिन-रात योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में जुटे हैं। हमें पूरी आशा है कि सरकार रोजगार सहायकों की इस गंभीर स्थिति पर संवेदनशीलता से विचार करेगी और जल्द ही मानदेय का भुगतान करेगी।

# प्लेसमेंट मेले में 86 बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार, योग्यता के आधार पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का बड़ा माध्यम बन रहा है। इसके तहत एक दिवसीय आयोजित किया गया प्लेसमेंट मेला में 86 युवाओं का योग्यता एवं कौशल प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न कंपनियों ने अलग-अलग सेक्टर में रोजगार देने के लिए चयन किया है।







## 130 युवाओं ने लिया हिस्सा

प्लेसमेंट मेला में ऑटोमोबाइल क्षेत्र से संबंधित व्यवसाय, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक एवं मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल के प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित किया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योग एवं प्रशिक्षण संस्थानों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना था। मेला में कुल 130 प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनकी योग्यता एवं कौशन प्रदर्शन के बाद कंपनियों ने 86 अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए अंतिम चयन किया।

## रोजगार उपलब्ध कराने मेले में ये कंपनियां हुई शामिल

प्लेसमेंट मेले में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए टीवीएस, हुंडई, मारुति सुजुकी, मारुति नेक्सा तथा टाटा मोटर्स से संबद्ध विभिन्न कंपनियां शामिल हुई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने उपस्थित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऑटोमोबाइल उद्योग तीव्र गति से विकसित हो रहा है तथा कुशल तकनीशियनों की मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने तकनीकी ज्ञान, कार्यकुशलता एवं व्यावसायिक नैतिकता को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान टीवीएस के सर्विस एरिया मैनेजर सुबोदीप गांगुली ने भी संस्था का भ्रमण किया। उन्होंने विशेष रूप से मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल व्यवसाय के प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की तथा संस्था के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल वर्कशॉप के उन्नयन एवं आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास हेतु सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की। इस पहल से प्रशिक्षणार्थियों को नवीनतम तकनीकों एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

---

## खबर संक्षेप

### किताबें और यूनिफॉर्म नहीं मिलने पर इदरीस ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही अनेक विद्यार्थियों को अब तक पाठ्य पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। राज्य शासन द्वारा सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री के से कहा, स्कूल खुलने से पहले ही मीडिया के माध्यम से समय पर किताबें और यूनिफॉर्म नहीं पहुंचने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। फिर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई, जिसके कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कला केंद्र ने निखारी मान्या की प्रतिभा

**रायपुर।** सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और सीखने की लगन किसी भी चुनौती को सफलता में बदल सकती है।



कभी गिटार सीखने की बुनियादी तकनीकों को समझने में कठिनाई महसूस करने वाली मान्या चौबे ने कला केंद्र रायपुर में प्राप्त व्यवस्थित प्रशिक्षण और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से न केवल अपनी संगीत प्रतिभा को निखारा, बल्कि ड्रॉइंग एवं राइटिंग गतिविधियों से अपनी रचनात्मकता का विस्तार भी किया। मान्या पिछले दो महीने से कला केन्द्र में गिटार, ड्रॉइंग एवं राइटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कला केन्द्र से जुड़ने के पहले उन्हें गिटार सीखने में काफी दिक्कतें आ रही थीं, विशेष रूप से फिंगर प्लेसमेंट, स्ट्रमिंग पैटर्न्स एवं फिंगर स्टाइल तकनीकों को समझने में मान्या को मुश्किलें हो रही थीं। जिसके बाद कला केन्द्र में नियमित अभ्यास, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा प्रशक्षिण के माध्यम से मान्या ने केवल दो महीनों में गिटार में विभिन्न प्रकार के संगीत पैटर्न एवं फिंगर स्टाइल को सफलतापूर्वक सीखा। उनके उंगलियों की गति, ताल की समझ एवं गिटार बजाने में आत्मविश्वास पहले की तुलना में काफी बेहतर हुआ है।

### राजस्व पटवारी संघ ने दान की प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें

**रायपुर।** जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से लोग स्वेच्छा से पुस्तकें और इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट दान कर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर राजस्व पटवारी संघ ने कलेक्टर गौरव सिंह को प्रतियोगी परीक्षा सबंधी पुस्तकें दान की। कलेक्टर ने उनके इस सराहनीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

### गुमा में निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रायपुर।** शहर से लगे हुए ग्राम गुमा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर व शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय तेंदुआ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 जून तक जारी रहेगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक शास. प्राथमिक शाला गुमा में आयोजित किया गया है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने बताया कि शिविर में एनीमिया, अम्लपित्त, वातव्याधि, तनाव, मोटापा, थाईराइड, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं के बचाव व नियंत्रण के लिए योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रतिभागियों को विभिन्न रोगों के अनुसार योगाभ्यास व आवश्यक परामर्श दी जा रही है। आयुष विभाग रायपुर के संचालन में आयोजित इस शिविर में क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

---

### स्थानीय डाक्टरों के हित के साथ मरीजों की सुरक्षा पर भी होगा असर

# फर्जीवाड़ा बढ़ने की आशंका, इसलिए जारी अधिसूचना वापस लेने की मांग

**अन्य राज्यों के डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टाफ को बिना अनुमोदन प्रैक्टिस करने का मामला**

**जूनियर डाक्टरों, सीजीडीएफ के साथ आईएमए और कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने जताया विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिना अनुमोदन दूसरे राज्यों के डाक्टर, नर्सेस, पैरामेडिकल सहित अन्य स्टाफ को प्रदेश में व्यवसाय करने की अनुमति देने के आदेश पर बवाल मचा हुआ है। जूनियर डाक्टर, सीजीडीएफ के साथ आईएमए और कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी विरोध जताया है। आशंका जताई गई है कि इससे फर्जी डिग्री के मामले बढ़ जाएंगे। इसका विपरीत असर स्थानीय डाक्टरों के हित के साथ मरीजों की सुरक्षा पर भी होगा।

खास खबर

पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग के सर्कुलर के बाद छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल ने आदेश जारी किया था कि दूसरे राज्यों में पंजीकृत डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को छत्तीसगढ़ में व्यवसाय (प्रैक्टिस) करने के लिए सीजीएमसी से अनुमति लेनी की आवश्यकता नहीं होगी। इसे लेकर जूनियर डाक्टर एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन का विरोध जारी है। मामले में उच्चस्तर पर मुलाकात और अधिसूचना वापस नहीं होने पर कड़ा विरोध करने की मंशा बना रहे हैं। इस आदेश पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने आपत्ति की है। तर्क दिया गया है कि ऐसा होने पर फर्जी डिग्री वालों की प्रदेश में एंट्री होने की आशंका बढ़ जाएगी। इससे मरीजों की सुरक्षा साथ ही राज्य के स्थानीय चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों का अहित होगा। सभी का तर्क है कि अधिसूचना को वापस लेने की आवश्यकता है।

## इनका कहना

### सतही जानकारी पर आदेश



यह आदेश सतही जानकारी पर आधारित है, केंद्र के आदेश में स्पष्ट दूसरे राज्यों से आने वाले डाक्टरों के दस्तावेजों की वेरीफाई का काम सीजीएमसी को यह काम करना होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि सीजीएमसी स्वायत्त संस्था है इसके बाद भी इसका चुनाव दो साल से नहीं हुआ ऐसे में उनके कार्यशैली पर संदेह है। ऐसे में फर्जीवाड़ा होने की आशंका अधिक है।

- डा. कुलदीप सोलंकी, अध्यक्ष, आईएमए रायपुर

### मरीजों रक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव



बिना छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण कराए चिकित्सकीय कार्य की अनुमति दी जाती है, तो इससे चिकित्सकीय निगरानी, शिकायत निवारण, अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा मरीजों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। चिकित्सक की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल की भूमिका महत्वपूर्ण है।

- डा. रेशम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन

### फर्जी डिग्री के मामले बढ़ेंगे



स्वास्थ्य विभाग के इस आदेश के बाद फर्जी डिग्री के मामले बढ़ने की आशंका है। एनएमसी की प्रक्रिया ढीली है ऐसे में जाली डिग्री की आशंका बढ़ जाती है। इस आदेश के लागू होने के बाद स्थानीय डाक्टरों और यहां कड़ी मेहतन करने वाले छात्रों के हितों पर विपरीत असर होगा। इस अधिसूचना को वापस लेने की आवश्यकता है।

- डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ

### राज्य के डाक्टरों के साथ अन्याय



प्रदेश के हजारों युवा चिकित्सक, इंटर्न, जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र पहले से ही सीमित रोजगार अवसरों, रिक्त पदों पर भर्ती में विलंब तथा सेवा संबंधी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में बाहरी राज्यों के चिकित्सकों के लिए बिना किसी स्थानीय नियामक प्रक्रिया के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करना राज्य के चिकित्सकों के भविष्य के साथ अन्याय है।

- डा. हीरा सिंह, अध्यक्ष, सीजीडीएफ

---

# दोपहिया सवार महिला बस की ठोकर लगने से उछलकर गिरी, ट्रक से कुचलकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आमानाका थाना क्षेत्र के सरोना के पास सोमवार की घटना
- मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

आमानाका तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला तथा एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। सरोरा में बस की ठोकर लगने से महिला बाइक से उछलकर गिर गई। इस दौरान महिला पीछे की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।


कुम्हारी स्थित परसदा रालस रायल पार्क कालोनी निवासी लक्ष्मी श्रीवास्तव सोमवार रात 10 बजे अपने पति सुनील तथा बच्चों के साथ बाइक से घर जा रही थी। इस दौरान सरोना चौक के पास टाटीबंध से रायपुर की ओर आ रही बस सीजी 08 बीएफ 0990 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार चलाते हुए सुनील की बाइक को ठोकर मार दी। बस की ठोकर लगने से महिला अपने पति तथा बच्चों सहित बाइक से दूर छिटक कर जा गिरी। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक आरजे 19 जीके 0814 से महिला बुरी तरह से कुचल गई और उसका पति बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोग घायलों को उपचार के लिए एम्स लेकर गए। अस्पताल में उपचार के दौरान लक्ष्मी की मंगलवार को मौत हो गई। सुनील तथा उसकी पत्नी रायपुर में दो अलग-अलग निजी अस्पताल में काम करते थे। सुनील का उपचार जारी है।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवकी की मौत

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात आरआईटी कालेज के अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नकटा, गांधी ग्राम निवासी आशीष राम बघेल (24) की एक्सीडेंट में मौत हुई है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को युवक देर रात बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान आरआईटी कालेज के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए आशीष की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आशीष राम बाइक से उछलकर दूर जा गिरा। सिर तथा शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

---

# पथ विक्रेताओं को मिला सम्मान योजनाओं की मिली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी सदन परिसर में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, शहरी गरीबी उपशमन और समाज कल्याण विभाग अध्यक्ष खेमकुमार सेन, योजना प्रभारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की उपस्थिति रही।

इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने महिलाओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना लाभ लेकर जीवन में आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने का प्रण लें। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति के प्रति दिव्य सोच का परिचायक है। मीनल चौबे ने इस मौके पर योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन में योगदान देने वाले बैंक अधिकारियों का सम्मान किया। इसके साथ ही हितग्राहियों को धनादेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वनिधि योजना के लाभ, समय पर ऋण पुनर्भुगतान, डिजिलट लेनदेन को बढ़ावा देने और योजना के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न प्रोत्साहनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित पथ विक्रेताओं ने योजना से मिलने वाले लाभ और अपने अनुभवों को साझा किए।

# बच्चा चोरी के मामले में महिला आयोग ने गठित की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने बुधवार को बच्चा चोरी के एक प्रकरण में सुनवाई की। इस प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि अनावेदक के नर्सिंग होम में सरोगेसी के माध्यम से उनके जुड़वा बच्चे 25 दिसंबर 2023 को हुए थे।

उन्हें बताया गया था कि एक लड़का और एक लड़की है। इस बीच हॉस्पिटल में आवेदिका के लड़के को बदलकर उसे दूसरी लड़की दे दी गई, जिसका डीएनए भी माता-पिता से नहीं मिलता है। इसकी खम्हारडीह थाना में शिकायत भी की गई थी। आवेदिका को न्याय नहीं मिलने पर आयोग में इसकी शिकायत की है। आवेदिका ने आयोग के समक्ष जानकारी दी कि उसके गुम बेटे को दंतेवाड़ा के किसी अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) परिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा दिया गया है। इस बच्चे को अनावेदक हॉस्पिटल ने बेचा था। आवेदिका और उसके पति लगातार बच्चे की तलाश कर रहे थे। खरीदार साहू दम्पत्ति ने 9 माह के बच्चे को कोरेगांव धमतरी के जंगल में छोड़ दिया था। थाने वालों ने आश्रम प्रशासन, दंतेवाड़ा को सौंप दिया है। ऐसी स्थिति में आवेदिका ने मांग की है कि बच्चा, आवेदिका और उसके पति का डीएनए टेस्ट कराया जाए। आयोग ने इस मांग पर महिला आयोग की सदस्यों की टीम गठित की है, जो दंतेवाड़ा कलेक्टर एवं एसपी से मिलकर डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया कराएगी, ताकि आवेदिका के शक की पुष्टि हो एवं न्याय मिल सके। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने इस प्रकरण में सुनवाई की।

# दलहन, तिलहन, मक्का और कोदो की खेती पर मिलेगी प्रति एकड़ 15 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- धान के बदले फसल विविधीकरण को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के कृषि परिदृश्य को बदलने और किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए कृषक उन्नति योजना के नवीन स्वरूप को मंजूरी दी है। इस ऐतिहासिक नीति के तहत, अब खरीफ सीजन से परंपरागत धान की खेती छोड़कर वैकल्पिक फसलें उगाने वाले किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की इनपुट सहायता (आदान प्रोत्साहन राशि) प्रदान की जाएगी। सरकार का यह कदम धान पर राज्य की पारंपरिक निर्भरता को कम करने, जल संकट से निपटने और भूमि की सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी शुरुआत माना जा रहा है।

दलहन, तिलहन और मिलेट्स पर विशेष जोर

विभाग के अनुसार यदि कोई कृषक अपने पंजीकृत रकबे में धान के स्थान पर कम पानी वाली और उच्च मूल्य वाली फसलों का चयन करता है, तो उसे योजना का सीधा लाभ मिलेगा।शामिल की गई प्रमुख फसलें अरहर, उड़द, मूंग,सोयाबीन, मूंगफली, तिल, कोदो, कुटकी, रागी (मोटा अनाज), मक्का और कपास हैं।

पूर्व से ही खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदा, कुटकी, रागी और कपास की फसल लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल तथा एग्रीस्टेक पर पंजीयन एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर पूर्ववत राशि रुपये 10000-प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जायेगी।किसानों और राज्य की अर्थव्यवस्था को मिलने वाले बहुआयामी लाभ लागत की प्रतिपूर्ति रुपये 15 हजार प्रति एकड़ की यह बड़ी राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी, जिससे वे उत्तम बीज और आधुनिक कीटनाशक खरीद सकेंगे।

## सैटेलाइट से होगी फसल की निगरानी

सरकार ने योजना में पारदर्शिता और वास्तविक किसानों तक लाभ पहुंचाने के लिए अत्याधुनिक डिजिटल तंत्र को अनिवार्य किया है। एकीकृत किसान पोर्टल सभी इच्छुक किसानों को तय समय-सीमा के भीतर इस पोर्टल पर अपनी भूमि और प्रस्तावित फसल का ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा।डिजिटल फसल सर्वेक्षण राजस्व और कृषि विभाग द्वारा सेटेलाइट या गिरदावरी (भौतिक सत्यापन) के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसान ने वास्तव में धान के बदले स्वीकृत फसल ही बोई है।

## पंजीकृत किसान ही होंगे योजना के पात्र

एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे समस्त कृषक जो विगत खरीफ में धान फसल की खेती किये थे, जिन्होंने आगामी खरीफ में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो। विधिक व्यक्तियों यथा ट्रस्ट, मण्डल, प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी, शाला विकास समिति, केन्द्र, राज्य शासन की संस्थान, महाविद्यालय आदि समस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी।

---

# जीएसटी कार्यशाला में विभागीय जांच, नोटिस, आईटीसी ऑडिट और व्यापारियों के अधिकारों पर मिला मार्गदर्शन

**जीएसटी विशेषज्ञ जितेन्द्र खनूजा ने किया मार्गदर्शन**

**कैट की छत्तीसगढ़ इकाई ने पंडरी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा है कि जीएसटी कानून की सही जानकारी ही व्यापारियों की सबसे बड़ी सुरक्षा है, इसलिए जीएसटी जांच से घबराना नहीं चाहिए। इसका समय पर अनुपालन पूरा करें। वर्तमान समय में व्यापारियों के कानूनों की जानकारी उतनी ही आवश्यक है, जितनी व्यवसाय की जानकारी। कैट छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राजधानी के पंडरी स्थित प्रदेश कार्यालय में जीएसटी पर आयोजित कार्यशाला में श्री पारवानी ने बातें कही।

कार्यशाला में विभागीय जांच, नोटिस, आईटीसी, ऑडिट एवं व्यापारियों के अधिकारों पर जीएसटी विशेषज्ञ जितेन्द्र खनूजा ने मार्गदर्शन किए। कार्यशाला में बड़ी संख्या में व्यापारियों, उद्यमियों, करदाताओं, ट्रांसपोर्टर्स एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जीएसटी कानून, विभागीय जांच, नोटिस, समन, ऑडिट, फर्जी आईटीसी तथा व्यापारियों के कानूनी अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यशाला में फर्जी बिलिंग एवं फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्वागत उद्बोधन प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने दिया। इस मौके पर मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध जीएसटी विशेषज्ञ सीए जितेन्द्र सिंह खनूजा ने कहा कि जीएसटी विभाग की किसी भी वैधानिक कार्रवाई से व्यापारियों को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। कानून की सही जानकारी, समय पर अनुपालन एवं आवश्यक दस्तावेजों के उचित रखरखाव से अधिकांश विवादों से बचा जा सकता है।



## कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी

उन्होंने विभागीय जांच, समन, नोटिस, ऑडिट, निरीक्षण, सर्च एवं अन्य कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी नोटिस अथवा समन की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। समय-सीमा के भीतर उचित जवाब देना प्रत्येक करदाता की जिम्मेदारी है। उन्होंने व्यापारियों को सलाह दी कि स्टॉक रिकॉर्ड, खरीद-बिक्री दस्तावेज, ई-वे बिल एवं अन्य अभिलेखों को व्यवस्थित रखें ताकि किसी भी जांच अथवा ऑडिट के दौरान अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सके। श्री खनूजा ने कहा कि नियमित रूप से जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी का सत्यापन तथा जीएसटीआर 2-बी निगरानी भविष्य में होने वाले विवादों को रोक सकती है। उन्होंने माल वापसी,गोदाम प्रबंधन, स्टॉक मिलान, ई-वे बिल, अपील प्रक्रिया तथा विभागीय कार्यवाही से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर विचार रखे।

## जीएसटी कानून से डरे नहीं उसे समझे

कैट छत्तीसगढ़ के टेक्निकल हेड एवं कर सलाहकार सीए मुकेश मोटवानी ने कहा कि व्यापारियों को जीएसटी कानून से डरने की नहीं, बल्कि उसे समझने की आवश्यकता है। अधिकांश मामलों में जानकारी के अभाव के कारण व्यापारी अनावश्यक रूप से भयग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच या नोटिस मिलने पर घबराने के बजाय तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर जवाब देना चाहिए। कैट की तकनीकी एवं कानूनी टीम प्रदेशभर के व्यापारियों को हर संभव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने विभागीय जांच, नोटिस, आईटीसी, ऑडिट, ई-वे बिल, अपील प्रक्रिया एवं अन्य व्यावहारिक समस्याओं से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं व्यापारीगण सहित कैट, युवा कैट, महिला कैट, टांसपोर्ट कैट सहित उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली दरों पर कांग्रेस का प्रदर्शन राजनीतिक नौटंकी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने बिजली दरों को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी बताते हुए कहा, बिजली बिल हाफ के नाम पर बढ़ा बिजली बिल वसूलने वाले आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार आम जनता और गरीबों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कांग्रेस को बिजली के मुद्दे पर बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। अपने पिछले 5 साल के शासनकाल में कांग्रेस ने 'बिजली बिल हाफ' का लोकलुभावन और झूठा नारा देकर छत्तीसगढ़ की जनता को सिर्फ ठगने काम किया था। कांग्रेस के कुशासन में बिना किसी योजना के बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि की गई थी। सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली की गई। बिजली काटी गई, उपभोक्ताओं को परेशान किया गया।

### प्लास्टिक का उपयोग न करने की दिलाई शपथ



**रायपुर।** एकल उपयोग प्लास्टिक के बहिष्कार एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम मंडल मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के निर्देशानुसार तथा क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश कुमार रबड़े के मार्गदर्शन में किया गया। इसी कड़ी में बुधवार को शंकरनगर स्थित विद्या स्कूल, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन केंद्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें जूट के थैले भेंट कर प्लास्टिक थैलों एवं प्लास्टिक की झिल्लियों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा इनके उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई।

### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने भलेसर रोड में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने भलेसर रोड नहर किनारे आम पेड़ के पास से आरोपी शेखर कंवर पिता हेमचंद कंवर (48 साल) निवासी वार्ड नं 23 सुभाष नगर महासमुंद के कब्जे से 28 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2240 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## आयोजन : जिला प्रवीण सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो और मेडल से किया सम्मानित

# शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव**

पूर्व माध्यमिक शाला बन्दारी में शाला प्रवेश उत्सव व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया। जिला बोर्ड जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कक्षा आठवीं में प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से भाजपा मंडल भटगांव की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह मोमेंटो एवं पदक मेडल प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारिका प्रसाद साहू ने कहा कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंदारी एक अद्भुत विद्यालय है। यहां भारतीय संस्कृति का अनवरत शिक्षा दी जाती है, जो कि मैं आज स्वयं विद्यालय में देखा और अनुभव किया। यहां की पढ़ाई की स्तर बहुत उम्दा है यहां के विद्यार्थी और शिक्षक बहुत अनुशासन प्रिय है, इसी का परिणाम है कि आज यह विद्यालय कक्षा आठवीं जिला बोर्ड में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करके क्षेत्र एवं जिला में विद्यालय का नाम रोशन किए हैं।

जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रेवती लाल चन्द्रा ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यहां के बच्चे बड़े होकर के बड़े-बड़े पदों पर पहुंचेंगे, मुझे यह भी विश्वास है कि यह बच्चे भारतीय संस्कृति के सदैव सम्मान करेंगे तथा अपने बड़ों का आदर कर शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे।

मंडल महामंत्री भटगांव फूलचंद जायसवाल ने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के लिए गौरव है, शिक्षा और संस्कार पर हम गर्व करते हैं। यह विद्यालय अद्वितीय है। मैं लोगों को इस विद्यालय के प्रति समर्पित भाव से सहयोग करने के लिए भी आग्रह करूंगा। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री मुख्य अतिथि के रूप में द्वारिका प्रसाद साहू जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक कामता प्रसाद साहू ने की। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रेवती लाल चंद्र, भटगांव मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, महामंत्री श्यामलाल साहू, फूलचंद जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल थे।



## नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत



**खरोरा।** संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलेसुर में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक युधिष्ठिर बुड़ेक ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील पालकों से की। शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामेश्वर वर्मा एवं पिंकी पाल ने विद्यार्थियों शिक्षा ही जीवन की सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक चंद्रशेखर रात्रे एवं नरेंद्र कुमार साहू की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले, संकुल समन्वयक कांत कुमार तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने आभार जताया।

## डीपापारा सलिहा मनाया गया शाला प्रवेशोत्शव



**बिलाईगढ़।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सलिहा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मंडी अध्यक्ष व जनपद सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह नाग ज. प. बिलाईगढ़ एवं शाला विकास समिति हाई स्कूल सालिहा अध्यक्ष व जिला महामंत्री भाजयुमो संजू साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों में नए शिक्षा सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।मुख्य अतिथि नाग ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने प्रेरित किया। संजू साहू ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सशक्त आधार है तथा प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विदित हो कि इस स्कूल में प्राथमिक और मिडिल में दो हि शिक्षक कार्यरत है जिसमें का एक शिक्षक संकुल शैक्षिक समन्वयक है. जबकि दोनों शालाओं में लगभग 100 -100 की दर्ज संख्या रहती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को गणेश एवं प्राथमिक स्तर के बच्चों को अभ्यास पुस्तिका व पेन अतिथियों द्वारा वितरण किया गया।



## डोंगरा के प्राथमिक और हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव

**बगबुड़ा।** डोंगरा के प्राथमिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शिव वर्मा थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी नियमित शाला आयेंगे। उन्होंने कहा कि खूब खेलो, खूब पढ़ो और ज्यादा से ज्यादा सवाल करो जिससे मन की जिज्ञासा शांत हो। पढ़ लिखकर अपने माता-पिता विद्यालय और गांव सहित देश का नाम रोशन करें। प्राचार्य केके गुप्ता ने कहा कि सभी बच्चे अनुशासन का पालन करें। विद्यार्थी सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रहे, पाठय पुस्तक के माध्यम से पढ़ाई करे। 10वीं कक्षा में अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को



मुख्य अतिथि शिव वर्मा ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच अंशु ध्रुव, राघवेन्द्र वर्मा, लखन यादव, कृष्ण कुमार वर्मा, श्यामसुंदर वर्मा, प्राचार्य केके गुप्ता, योगेश कुमार साहू, कविता शर्मा, दिव्या पाण्डेय, हरवंश रत्नाकर, दिनेश्वर साहू, मालिकराम वर्मा, मनमोहन पटेल, गीताराम बंजारे, दादूराम साहू, गायत्री सूर्यवंशी, बीरेन्द्र वर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक शाला लाहोद में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**मुंडा।** स्थानीय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, लाहोद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच किशोर साहू ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के प्रति



अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नव-प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, अक्षत और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। बच्चों को मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। नया गणवेश और पुस्तकें पाकर खिले चेहरे उत्सव के दौरान नव-प्रवेशी विद्यार्थियों को शासन की योजना अंतर्गत नवीन गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। नई पुस्तकों और गणवेश को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उनका उत्साह देखते ही बनता था। सफल आयोजन में शिक्षकों का योगदान कार्यक्रम का गरिमामयी संचालन प्रधान पाठक मथुरा प्रसाद वर्मा ने किया। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। शिक्षक रामप्रसाद लहरी, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक संगीता पटेल, महेश्वरी टंडन, नमिता साहू, वेद प्रकाश पटेल एवं सरोज पटेल सहित विद्यालय परिवार ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही, भृत्य विनय पैकरा एवं स्वीपर ईश्वरी ध्रुव ने भी कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक वेद प्रकाश पटेल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भरत देवांगन स्कूल में पालक-शिक्षक मेगा बैठक



**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के अंतर्गत प्रथम मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन प्राचार्य रजनी मिंज के मार्गदर्शन में हुआ। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं विद्यालयीन गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में सभी अभिभावकों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, नियमित उपस्थिति, गृहकार्य, अनुशासन एवं समग्र विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्राचार्य रजनी मिंज ने बच्चों की नियमित पढ़ाई पर निगरानी रखने, सकारात्मक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने तथा सह-पाठ्यक्रम एवं रचनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से बच्चों के अत्यधिक स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने, असाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट कार्य समय पर पूर्ण कराने तथा अनुशासित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करने की अपील की गई। बैठक में अनिल कुमार साहू, लुकेश्वर उइके, अजय कुर्रे, शेष शेखर शर्मा, आकाश परिहार, पावस कुमार पटेल, कृतिका वर्मा, अंकृति भिड़े, अपूर्वा ओगरे, नदीश साहू, प्रीति मिश्रा, निशिता दीक्षित, योगिता देवांगन, आँचल कसार, सना करीम, रूपशिखा साहू एवं जास्मी जोस सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य व विद्यालयीन अध्ययनरत समस्त पालक उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्कूल में तिलक लगाकर छात्रों का स्वागत

**खरोरा।** प्राथमिक बालक शाला, कोसरंगी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल पहुंचे नए बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें स्वागत करते हुए कॉपियां व पेंसिल वितरित की गई। उत्सव को खास बनाने के लिए न्योता भोज का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को खीर-पूरी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस विशेष दिन पर विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी का गठन एवं बैठक हुई, जिसमें शाला विकास पर चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच दामिनी मिर्झा उपस्थित रहीं। उनके साथ समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजू साहू, सदस्यगण पूरन साहू, प्रिया साहू, मधुपाल एवं अन्य पालक उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख व प्रधान पाठक माधव प्रसाद द्विवेदी सहित शिक्षक स्टाफ सोहद्रा भीफोर, पंकज निषाद और भुवनेश्वर कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधान पाठक व सरपंच ने पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की।




## पेज 9 के शेष

### माहभर में गिधौरी ...

का हौसला बुलंद होते जा रहा है। क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात बेखौफ बदमाशों ने फल दुकान, पान ठेला में हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

### अर्जुनी सहकारी समिति...

अधिक कीमत चुका कर खाद खरीदने को विवश हैं। जिससे खाद की कालाबाजारी होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि उन्होंने खेती की तैयारी के लिए सहकारी समिति के माध्यम से ऋण लिया है और उन्हें उम्मीद थी कि समय पर समिति से खाद उपलब्ध हो जाएगी। लेकिन खरीफ फसलों की बुवाई का समय नजदीक आने के बावजूद समिति में खाद का स्टॉक नहीं पहुंचा है। इसके कारण किसानों की उत्पादन लागत बढ़ रही है और आर्थिक बोझ भी बढ़ता जा रहा है।जानकारी के अनुसार अर्जुनी सहकारी समिति द्वारा खाद डीएपी की मांग को लेकर 17 मई को खाद की सहकारी विपणन संघ को मांग पत्र भेज दिया गया, जिसके अंतर्गत 500 बोरी की व्यवस्था की गई। लेकिन अब वर्तमान में आलम ऐसा है कि समिति में खाद के लिए अनुपलब्धता का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक समिति में खाद की आपूर्ति नहीं हो सकी है। किसानों ने इस अव्यवस्था पर आक्रोश जताया है। डीएपी नहीं मिलने से समिति के कामकाज को लेकर किसानों में असंतोष बढ़ रहा है। अर्जुनी के किसान हुलास वर्मा, रंजीत साहू ने बताया कि विगत कई दिनों से डीएपी के लिए भटक रहे हैं, जिसके कारण खेती किसानी भी प्रभावित हो रही है, ये सभी किसानों की गंभीर समस्या है। इस पर संबंधित विभाग और सहकारी विपणन संघ से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना शासन और सहकारी व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि जल्द ही पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध नहीं कराया गया तो किसानों की खेती प्रभावित होगी और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। अर्जुनी, रवान के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सहकारी समिति में तत्काल खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि खरीफ बुवाई प्रभावित न हो और किसानों को निजी दुकानों से दोगुने दाम पर खाद खरीदने की मजबूरी से राहत मिल सके। क्षेत्र के किसानों की निगाहें अब प्रशासन और सहकारी विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### टोनाटार में 100 ...

घर से लगी बाड़ी में भारी मात्रा में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने जब मौके पर दबिश दी, तो आरोपी रंगे हाथों अवैध महुआ शराब बनाते हुए पकड़ा गया। 100 लीटर महुआ शराब, 1 गैस सिलेंडर, चूल्हा और पाइप, शराब बनाने में उपयोग किए जाने वाले बर्तन को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) एवं नए कानून बी.एन.एस.एस. की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। इस कार्रवाई के लिए टोनाटार के ग्रामीणों और भारत माता वाहिनी स्वसहायता समूह की महिलाओं ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने मांग की है कि गांव के माहौल को पूरी तरह शांत और नशामुक्त बनाने के लिए क्षेत्र में सक्रिय अन्य शराब कोचियों पर भी इसी तरह की सख्त से सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहनी चाहिए।

### रोजगार सहायकों को...

अधिकारियों की चौखट पर गुहार लगानी पड़ रही है।रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष अशवंत मनहरे ने बताया- चार महीने से मानदेय न मिलने के कारण बच्चों की स्कूल फीस बकाया हो गई है, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट है। बाजार में हमारी उधारी लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में देश में विकसित भारत की नई योजनाएं लागू होने को हैं। हम दिन-रात योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में जुटे हैं। हमें पूरी आशा है कि सरकार रोजगार सहायकों की इस गंभीर स्थिति पर संवेदनशीलता से विचार करेगी और जल्द ही मानदेय का भुगतान करेगी।

### पीपरभवना के मीडिल...

पानी टपक रहा है, छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है और दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं। स्कूल के सामने तो बाउंड्री वॉल है, लेकिन पीछे का हिस्सा पूरी तरह खुला हुआ है। भवन की इस बदहाली ने शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है कि आखिर बच्चों को किस जगह बैठाकर सुरक्षित ढंग से पढ़ाया जाए। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाला विकास समिति ने फिलहाल शासकीय प्राथमिक शाला भवन में मिडिल स्कूल की कक्षाएं संचालित करने का प्रस्ताव पारित किया है। हालांकि, यह महज एक अस्थायी और वैकल्पिक व्यवस्था है। विभाग के उच्च अधिकारियों को इस संबंध में लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज पर्यन्त तक नए भवन निर्माण की स्वीकृति को लेकर कोई सूचना नहीं मिली है। इस संबंध में सरपंच पन्नालाल बंजारे ने कहा कि, मैंने मिडिल स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव की कॉपी उच्च अधिकारियों के पास भेज दी है। शासन से जैसे ही राशि और स्वीकृति मिलेगी, तत्काल निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु अर्जन देव का शहीदी गुरुपर्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा**



सिख धर्म के पांचवें गुरु श्री गुरु अरजन देव का शहीदी गुरुपर्व सिमगा की संगत द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल से गुरुद्वारा श्री नानक दरबार में विशेष कीर्तन, कथा एवं गुरमत विचारों का आयोजन किया गया। संगत को गुरु अरजन देवजी के जीवन, उनके महान कार्यों, मानवता की सेवा तथा अद्वितीय बलिदान के बारे में विस्तार ज्ञानी हरिसिंह बेदी ने बताया । कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच चने के प्रसाद एवं मीठे शरबत का वितरण किया गया। वहीं नगर के फव्वारा चौक में भी छबील लगाकर राहगीरों एवं आमजन को चने का प्रसाद तथा मीठा शरबत वितरित किया गया।

गुरु घर के प्रधान सेवादार अमरजीत सिंह भाटिया ने बताया कि श्री गुरु अरजन देव जी का जीवन त्याग, तपस्या, सेवा और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित था। गुरु साहिब ने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए अत्यंत कष्ट सहन किए, लेकिन अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। गुरु की शहादत हमें हर परिस्थिति में धैर्य, सहनशीलता और प्रभु की इच्छा को स्वीकार करने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि अरजन देव ने गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम स्वरूप का संकलन कर मानवता को आध्यात्मिक मार्गदर्शन का अमूल्य खजाना प्रदान किया। उनका संदेश जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर मानव सेवा, प्रेम, भाईचारे और समानता का था। श्री भाटिया ने संगत से गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने, जरूरतमंदों की सेवा करने तथा समाज में प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

अरजन देव की शहादत केवल सिख समाज ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके आदर्श आज भी सत्य, न्याय एवं मानव कल्याण के लिए समर्पित रहने की सीख देते हैं। इस अवसर पर हरदीप सिंह भाटिया, प्रीतपाल सिंह भाटिया, शैली भाटिया, रिंकू भाटिया, गोगजी भाटिया, बिट्टू भाटिया, करन भाटिया, अंकुश भाटिया, रवि भाटिया, मंजीत सिंह, सुखबीर सिंह, हैप्पी मान, जयदीप भाटिया,राज भाटिया, अरसन भाटिया, अशवीर भाटिया, अरजन भाटिया,अबीर भाटिया, हरजोत मान, कुंदरू भाटिया, मिन्नी भाटिया, प्रीत भाटिया, रीत कौर, खुशी भाटिया, रतन कौर, अक्षदीप कौर, मनरूप कौर सहित बड़ी संख्या में संगतजन उपस्थित थे।

### महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद

**महासमुंद।** ग्राम हरनादादर में महुआ शराब और निर्माण सामग्री को बागबाहरा पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम हरनादादर पहुंचकर आरोपी खिलेश्वर बांधे पिता जोहन लाल बांधे (32 वर्ष) वार्ड नं 07 हरनादादर के मकान से कुल 60 लीटर महुआ शराब कीमत 12000 रुपए, 02 नग गैस सिलेंडर कीमत 2000 रुपए, 01 नग चूल्हा कीमत 500 रुपए, 02 नग एल्युमीनियम गंजी कीमत 500 रुपए, 02 नग स्टील गंजी कीमत 500 रुपए कुल 15500 रुपए का सामान बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला जिला, बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/..../तह./वा./20 सुहेला,
दिनांक - ........
रा.प्र.क्र.../ब-121 / 2026
ग्राम - बरडीह, प.ह.नं. 41

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक देवदास पिता स्व. मोहरदास, जाति सतनामी, निवासी ग्राम बरडीह, थाना सुहेला, तहसील सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि, भानमती पिता हरि, जो कि रिश्ते में आवेदक की दादी है की (मृत्यु) दिनांक 20/03/1989 (बीस मार्च सन उन्नीस सौ नवासी) को ग्राम पंचायत बरडीह में ही निवास स्थान में होने पर तथा भूलवश व अज्ञानतावश मृत्यू पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 01/07/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
सुहेला

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सिद्धेश्वर मंदिर में माहभर चली रामायण का समापन

**संडी बंगला।** ग्राम पंचायत जारा स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में अधिक (पुरुषोत्तम) माह पर आयोजित रामायण परायण का समापन सोमवार को भक्ति भाव से हुआ। यह धार्मिक आयोजन लगभग एक माह तक लगातार चला, जिसमें ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परायण की स्थापना ग्राम पंचायत जारा के सरपंच एवं परायण समिति के अध्यक्ष रामायण धीवर के नेतृत्व में की गई थी। समापन अवसर पर धरोहर मानस परिवार बलौदी द्वारा भव्य संगीतमय रामायण की प्रस्तुति दी गई, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में आचार्य संतोष पुरी गोस्वामी, मुन्ना सावित्री वर्मा, देवानंद एवं अनिला धुरंधर, चंदलाल धुरंधर (कुसुम), वर्षा, सावित्री, सुनैना कश्यप, परमानंद जायसवाल सहित समस्त परायणकर्तागण उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सभी श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

### किसान हीरा सिंग ने रासायनिक खाद छोड़ अपनाया नैनो यूरिया और डीएपी

**बलौदाबाजार।** जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत आने वाले ग्राम गुडेलिया के प्रगतिशील किसान हीरा सिंग ध्रुव क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए एक नई मिसाल बनकर उभरे हैं। आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाते हुए उन्होंने पिछले वर्ष से अपने खेतों में रासायनिक खाद की जगह नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उपयोग शुरू किया। नैनो उर्वरकों के



उपयोग से हीरा सिंग ध्रुव के खेतों में फसल का उत्पादन न केवल शानदार रहा, बल्कि फसलों की गुणवत्ता में भी भारी सुधार देखने को मिला है। हीरा सिंग ध्रुव बताते हैं कि यह अत्याधुनिक नैनो उर्वरक न केवल बाजार में मिलने वाली रासायनिक बोरियों वाली खाद की तुलना में बेहद सस्ते हैं, बल्कि इनका परिवहन और खेतों में छिड़काव करना भी बहुत आसान है। इससे खेती की लागत में भारी कमी आई है और समय व मेहनत की भी बचत हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन लिक्विड उर्वरकों के संतुलित उपयोग से उनकी जमीन की सेहत सुधरी है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### दुकानदार के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सलडीह स्थित एक दुकान के संचालक से शराब पी रहे लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को उमेश साव ने बताया कि ग्राम सलडीह में पेट्रोल पंप के बगल में उसका श्री सिद्धि विनायक ट्रेडर्स नाम से दुकान है। 16 जून को डोंगरीपाली निवासी नीलू पारेश्वर अपने दोस्त तेज कुमार कश्यप के साथ उसके दुकान के बगल में शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गाली गलौज करने से मना किया था। मेरे दुकान में आकर तुम कौन होते हो हम लोगों को मना करने वाले कहकर गाली गलौज कर मारपीट की गई।

## निधन

### नंदुकमार साहू

**बंगोली।** ग्राम मूरा निवासी नंदकुमार वर्मा 66 वर्ष का निधन 18 जून को हो गया। उनका संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।



अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे सरस्वती वर्मा के पति, भरत लाल वर्मा, तारकेश्वर वर्मा के बड़े भाई थे तथा संजय कुमार वर्मा, लक्ष्मीकॉंत वर्मा, नीता वर्मा, पुष्पा वर्मा के पिता थे एवं अभिषेक वर्मा, डिगेश्वर वर्मा, लक्ष्य वर्मा, एलियंस वर्मा के दादा थे।

# श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर छबील सेवा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सिक्ख धर्म के पांचवें गुरु, शांति के पुंज एवं शहीदों के सरताज श्री गुरु अरजन देव के शहीदी दिवस पर अकाल पुरख की फौज द्वारा बस स्टैंड स्थित गगनदीप होटल के सामने शरबत की छबील सेवा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, एसडीओपी तारेश साहू, तहसीलदार यशवंत राज, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी, राजेश शर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे। सिख समाज की महिला विंग द्वारा भी गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा के सामने भी सेवा कार्य किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से शम्मी चावला, अमित चावला बेबी छाबड़ा सुनिता बबली सलूजा पवनीत चावला रजनी सलूजा मंजू चावला रश्मि सलुजा सहित समाज की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में बलवंत सिंह सलूजा, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष बबलू चावला, सुशील सेठी, प्रेम सेठी, राजा गुंबर, हरभगवान गुंबर अमरजीत सलूजा, गुरमीत गुंबर, विजय आनंद, संजय गुंबर, पिंकू सलूजा, हरप्रीत सलूजा, बेअंत सिंह खालसा । स. अमरजीत सिंह सलूजा, प्रदेश सलाहकार अकाल पुरख की फौज एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिख संगठन ने बताया कि भाटापारा के सिख समाज ने बढ़-चढ़कर छबील सेवा में भाग लिया।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व गणमान्य नागरिकों की रही सहभागिता



#### गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर मानवता, सेवा का दिया संदेश

जिला अध्यक्ष स. बलवंत सिंह सलूजा एवं शहर अध्यक्ष स राजा चावला ने बताया कि गुरु अरजन देव ने मानवता, सेवा और शरबत दा भला का संदेश दिया तथा विपरीत परिस्थितियों में भी परमात्मा की रजा में राजी रहने की प्रेरणा दी। गुरु जी ने अमानवीय यातनाएं सहते हुए भी यह उपदेश दिया और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। एवं समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष की उपलब्धियों को बताया ऐतिहासिक

# राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा 16 से 18 जून तक नगर भवन बलौदाबाजार में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, टेसूलाल धुरंधर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

फोटो प्रदर्शनी में देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया है, जिसमें हम बनाते हैं स्वदेश हथियार अंतर्गत करीब 38400 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड डिफेंस एक्सपोर्ट की जानकारी दी गई है। गरीब कल्याण अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 4 करोड़ पक्के आवास का निर्माण, 12 सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण, अधोसंरचना क्रांति अंतर्गत विश्व का सबसे ऊर्जा चिनाब रेलवे ब्रिज, समुद्र पर बना अटल सेतु, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का 1.46+ लाख किमी तक विस्तार और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरूआत की गई है। साइंस एवं टेक्नोलॉजी, डिजिटल अभियान, 3 करोड़ लखपति दीदी, युवा शक्ति, मुफ्त राशन, 9 करोड़ लाभार्थियों का पोषण क्रय, आस्था के धाम अंतर्गत अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जैसी उपलब्धियों को फोटो प्रदर्शनी में दिखाया गया है ।



#### विकास की गाथा

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और जनहितकारी नेतृत्व में संचालित योजनाओं में छत्तीसगढ़ के विकास तथा प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है, जिसे फोटो प्रदर्शनी में संजोया गया है। विभिन्न आयामों में किए गए कार्यों को फोटो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। एलईडी के माध्यम से शासन की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

#### विकास की नई गति देने वाले रहा

मंत्री वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताते हुए देश को नई दशा और दिशा देने वाला कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष में देश में अधोसंरचना विकास से लेकर आर्थिक एवं तकनीकी सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। गरीबों को पक्के मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, लखपति दीदी, किसान सम्मान जैसे अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू किया है।

# संपर्क केंद्र में प्राप्त शिकायत से सहायक शिक्षक को लंबित वाहन भत्ता का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन द्वारा संचालित संपर्क केंद्र के माध्यम से आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। सहायक शिक्षक के लंबित दिव्यांग वाहन भत्ता का बकाया राशि भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।



प्राथमिक शाला कौवाताल, विकासखंड कसडोल में पदस्थ सहायक शिक्षक नीलकंठ पटेल ने वर्ष 2018 से अप्रैल 2025 तक की लंबित दिव्यांग वाहन भत्ता राशि के भुगतान नहीं होने की जानकारी दी थी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार संपर्क केंद्र के माध्यम से मामले को जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। प्रकरण की जांच उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कसडोल द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए नीलकंठ पटेल की लंबित वाहन भत्ता राशि स्वीकृत की गई तथा कुल 62 हजार 250 रुपये का भुगतान उनके खाते में सुनिश्चित किया गया।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संपर्क केंद्र के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत एवं मांग का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करते हुए शासन की जनहितकारी सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक शीघ्र पहुंचाना है।

# ग्राहकों एवं पेंशनरों से एसबीआई का टाउनहाल में संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, कृष्णायन परिसर में बैंक के सम्मानित ग्राहकों, पेंशनरों एवं बैंक अधिकारियों के मध्य संवाद स्थापित करने तथा उनकी प्राथमिकताओं और सुझावों पर चर्चा के उद्देश्य से टाउन हॉल बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नरेन्द्र कुमार मित्तल, मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय नितिन संघवी तथा एसबीआई गार्डन चौक शाखा के मुख्य प्रबंधक नितिन गिरी गोस्वामी ने बैंक की ग्राहक सेवा, डिजिटल बैंकिंग, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, वित्तीय समावेशन तथा पेंशनरों के लिए संचालित सीपीपी योजना सहित विभिन्न महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान ग्राहकों एवं पेंशनरों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों और सुझावों पर सकारात्मक चर्चा की गई। बैंक अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी सुबोध तिवारी एवं राजीव तिवारी, एसबीआई अंबेडकर चौक शाखा की प्रबंधक बीनू सिंह, पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू सहित नगर के वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गैमार तालाब तक पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

ग्राम मुरा में किसानों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर गैमार तालाब तक पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण होने का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

जानकारी के अनुसार, कपिल माइनिंग रिसोर्सेस प्रा. लि. के डायरेक्टर कपिल अग्रवाल द्वारा जनसुनवाई के दौरान किसानों से किए गए वादे के अनुरूप गैमार तालाब तक पाइपलाइन विस्तार कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। कार्य पूर्ण होने के बाद तालाब तक पानी पहुंचने लगा है, जिससे आसपास के किसानों को सिंचाई सुविधा में लाभ मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान किसानों को जो आश्वासन दिया गया था, उसे समयबद्ध रूप से पूरा किया गया है। इससे किसानों में विश्वास बढ़ा है तथा क्षेत्र के कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी। किसानों एवं ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए संबंधित संस्थाओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से घनश्याम नायक (पप्पू), कपिल वर्मा, झब्बूलाल साहू, पंच प्रतिनिधि ताराचंद ढीढी, विष्णु ढीढी, लकेश्वर कोसले, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत मुरा जगदीश धीवर, दिलीप धीवर, फेकूराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### अग्निवीर में चयन पर समीर का स्कूल प्रबंधन ने किया स्वागत

**भाटापारा।** शासकीय उच्च माध्य विद्यालय देवरी के पूर्व छात्र समीर वर्मा का अग्निवीर में चयन होने पर विद्यालय परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ढिनेश कुमार शर्मा, व्याख्याता हेम



कुमार साहू, हेमलाल साहू, सुनील कुमार दीवान, प्रीति शाह, अनुप कुमार खरे, रश्मि भारती, रेणू शर्मा, राकेश कुमार वर्मा, गिरजा शंकर तिवारी, गजेन्द्र कुमार साहू एवं छात्र के परिजन उपस्थित थे।

# मानवता की मिसाल बने डॉ. हरीश वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम कठिया नंबर 1 निवासी संपत लाल उइके के माताजी के निधन के उपरांत परिवार पर आए आर्थिक संकट को देखते हुए समाजसेवी डॉ. हरीश वर्मा की पुत्रि आरोही वर्मा एवं आर्वी वर्मा ने दशगात्र हेतु आवश्यक सामग्री प्रदान कर संवेदनशीलता और सेवा भावना का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस सहयोग से शोकाकुल परिवार को आर्थिक राहत मिली तथा कठिन समय में उन्हें संबल प्राप्त हुआ। इसके अलावा वे निर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए फीस, कॉपी, पेन एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का प्रतिवर्ष वितरण कर उज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। डॉ. हरीश वर्मा का कहना है कि, हम स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं कि भगवान ने हमें लेने वालों में नहीं, बल्कि देने वालों में बनाया है। उनके इस सेवा भाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। तिलक राम बघेल, धीरेंद्र कुमार वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने डॉ. हरीश वर्मा एवं उनकी पुत्रियों आरोही वर्मा और आर्वी वर्मा को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी।



■ नन्हीं बेटियों के साथ मिलकर जरूरतमंद परिवारों का बन रहे सहारा

### विकास कार्यों का शिवरतन शर्मा ने किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# सामाजिक समरसता और ग्रामीण विकास को मजबूत करेंगे नए निर्माण कार्य : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़ार में बुधवार को विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने किया। इसमें सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार एवं निषाद सामुदायिक भवन के आहाता निर्माण तथा चबुतरा रंगमंच निर्माण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा यह केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का केंद्र है। अब सरस्वतीपारा और निषाद समाज के परिवारों को मांगलिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकें एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा। चबुतरा रंगमंच हमारी लोक संस्कृति को नई पहचान देगा। गांव का विकास, हमारी प्राथमिकता है। हर ग्रामवासी तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना ही हमारा संकल्प है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, जनपद पंचायत सभापति ठाकुरराम साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा एवं जिला किसान मोर्चा महामंत्री डब्लूसिंग ठाकुर, मंडल महामंत्री खुमान वर्मा, बुधेश्वर वर्मा, सुरेश वर्मा मंचासीन थे।

इस अवसर पर ग्राम की सरपंच हीरामणी किर्ती कुमार ध्रुव, उपसरपंच ज्योति विष्णु ठाकुर, सचिव सालिक राम वर्मा सहित पंचगण बादल ढीमर, ईतरा ढीमर, चंद्रलेखा ध्रुव, यशोदा साहू, विनोद वर्मा, बेनीबाई साहू, शिवकुमार ध्रुव, अनिता साहू, रुपेन्द्र कुर्रे, कुंती साहू, रेखा बंजारे, रघुनाथ निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

